भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5099 का उत्तर

माझी स्टेशन-लार रोड स्टेशनों के बीच नई रेल लाइन

5099. श्रीमती कविता सिंहः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बिहार में सीवान और छपरा जिलों में माझी से लार रोड स्टेशन तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का प्रस्तावित रेलवे लाइन पर यातायात घनत्व और उक्त मंडल की आबादी की यातायात से संबंधित आवश्यकताओं पर विचार करते हुए इसे प्राथमिकता देने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसको पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): जी हां। रघुनाथपुर, दारौली और गुथानी के रास्ते मांझी-लार रोड (92 किमी) तक नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए एक सर्वेक्षण वर्ष 2011-12 में पूरा किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, 0.99 प्रतिशत की प्रतिफल की दर के साथ परियोजना की लागत 742 करोड़ रु. आँकी गई थी।

चालू नई लाइन परियोजनाओं के भारी थ्रो-फारवर्ड और परियोजना की अलाभकारी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

*****

Sk